सार-समाचार

अग्रवाल ने साप्ताहिक समीक्षा की

जोधपुर, (कासं)। जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल ने कहा सभी अधिकारी ई फाइलिंग का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर, फाइलों के डिस्पोजल समय में आवश्यक सुधार करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यालयों में अनावश्यक ही मेडिकल अवकाश सहित अन्य अवकाश के बहाने छुट्टी लेने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का एडीएम औचक निरीक्षण एवं जांच कर उनके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही अमल में लाए। अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागों की ई-फाइलिंग की प्रगति, संपर्क पोर्टल पर विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, विभिन्न आयोगों में लंबित प्रकरण, कोर्ट केसेज सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी, नगर निगम दक्षिण आयुक्त डा. टी शुभमंगला, नगर निगम उत्तर आयुक्त अतुल प्रकाश, डीएफओ मोहित गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम दीप्ति शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर प्रथम प्रहलाद सहाय नागा, अतिरिक्त जिला कलैक्टर सीमा कविया, अतिरिक्त जिला कलक्टर तृतीय डॉ सुनीता पंकज, सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

लापता बच्ची का सुराग नहीं लगा

जोधपुर, (कासं)। शहर के कुड़ी भगतासनी क्षेत्र से गत 5 जून को अपने घर से लापता हुई लडक़ी का अब तक सुराग हाथ नहीं लगा है। परिजनों का कहना है। संबंधित थाना पुलिस सही ढंग से जवाब नहीं दे रहा है। इस बात से आहत लडक़ी के परिजन आज पुलिस आयुक्तालय पहुंचे और एक ज्ञापन दिया। लडक़ी के परिजन की तरफ से घटना के तुरंत बाद ही पुलिस में मामला दर्ज करवा दिया गया था, मगर पुलिस अब तक उसका पता नहीं लगा पाई है। पिता का कहना है कि पुलिस सही ढंग से जवाब नहीं दे रही है और ना ही लडक़ी के संबंध में जानकारी दे पा रही है। रावणा राजपूत समाज के यूथ संरक्षक अनिल सिंह बडगुर्जर ने बताया कि लडक़ी पांच जून को लापता हुई है मगर उसका अब तक पता नहीं चल पाया है, उसके परिजन को पुलिस ढंग से जवाब नहीं दे रही है। आगामी 6 जुलाई को समाज की एक बैठक में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा, जिसमें यह मांग रखी जाएगी कि लवमैरिज करने वाली लडक़ी के परिजन, उसके मां पिता का आधार कार्ड जरूरी मांगा जाए, इसके लिए बकायदा कानून बनाया जाए।

जन्मोत्सव कार्यक्रम का निमंत्रण दिया

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के लिखमीदासजी महाराज जन्मोंउत्सव भव्य कलशयात्रा एव मंदिर भूमि पूजन शिलान्यास को लेकर माली समाज की और से पीर गंगानाथ महाराज भेरूनाथ अखाडा व पिपलेश्वर मठ रणछोड भारती महाराज को माली समाज की ओर से निमंत्रण दिया गया। आयोजक कमेटी के सदस्य हुकमीचन्द सोलंकी ने बताया कि 7 जुलाई को सुबह जागनाथ महादेव मंदिर राजेंद्र नगर से कलशयात्रा प्रारंभ होगी। जिसके माताए बहने भाग लेगी जो शहर के मुख्य मार्गो से कस्तूरबा कॉलोनी पहुंचेगी तथा लिखमीदासजी मंदिर दोपहर को महिला सत्संग होगी व शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। रमेश माली एंड पार्टी पाली द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी वही रात्रि में भूमि पूजन व मंदिर शिलान्यास के चढावे की बोलीया लगाई जाएगी। संस्थान के अध्यक्ष सुरेश सुंदेशा ने बताया 11 जुलाई दोपहर को मंदिर का भूमिपूजन होगा। वही 17 जुलाईसुबह को शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन होगा।

पर्वतारोहण कोर्स में भाग लेंगे गोविन्द

पाली, (नि.सं.)। अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टिट्यूट ऑफ माउन्टनियरिंग एंड अलाइड स्पोर्ट मनाली हिमाचल प्रदेश में आयोजित होने वाले बेसिक माउंटनियरिंग कोर्स में जिले से स्काउट सी ओ गोविन्द मीना भाग लेंगे। सी ओ गाइड पाली डिम्पल दवे ने बताया कि 1 जुलाई से 26 जुलाई 2024 तक अटल बिहारी वाजपेयी माउन्टनियरिंग एंड अलाइड स्पोर्ट इंस्टिट्यूट मनाली, हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित होने वाले ओर सबसे कठिनतम कोर्स में सुमार पर्वतारोहण कोर्स में भाग लेने हेतु पूरे देश से 95 संभागी सहभागिता करेंगे। सी ओ स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि भारत मे पर्वतारोहण का कोर्स मुख्य रूप से 5 संस्थानों द्वारा करवाया जाता है जिसमे से अटल बिहारी वाजपेयी माउन्टनियरिंग एंड अलाइड स्पोर्ट इंस्टिट्यूट मनाली, हिमाचल प्रदेश सरकार के अधीन कार्यरत है। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय बजरंग बाड़ी पाली में नगर विकास न्यास द्वारा बनवाई जा रही आर्टिफिशियल क्लाइम्बिंग/स्पोर्ट वॉल के तैयार हो जाने के बाद स्काउट गाइड एवं जिले के छात्र छात्राओं को गतिविधियों के आयोजन में सहायता प्राप्त हो सकेगी।

हड्डियों के संबंध में शिविर आयोजित

जोधपुर, (कासं)। चिकित्सक दिवस के उपलक्ष में एक बीएमडी (बोन मिनरल डैन्सिटी) नापने के कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में कुल 313 लोगों को मशीन द्वारा जांचा गया। इसमें 220 महिला वर्ग में तथा 96 पुरूष वर्ग में थे। इसमें 2 महिलाओं का -स्कोर बहुत कम तथा 100 महिलाओं का कम रेंज में पाया गया। इन्हें हाथों हाथ जांच की रिपोर्ट तथा इसे सुधारने के प्राकृतिक तरीके व खानपान प्रयुक्त पदार्थों के सेवन की जानकारी दी गयी है। बोन मिनरल डैन्सिटी के अत्यधिक कम होने पर हड्डियों में दर्द, जल्दी थकावट व साधारण चोट में भी हड्डी टूटने का खतरा बढ जाता है। अत: बोन मिनरल डैन्सिटी सुधारने के लिए मांस, मछली, अण्डा, सब्जियों व फल, सूखे मेवे, दूध, दही, पनीर, चीज, दूध का पाउडर, खाद्यान में बाजरा, रागी, गेहूं, चावल, सोयाबीन, दालें का प्रचुर मात्रा मे सेवन किया जाना चाहिये। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एवं नियन्त्रक, सम्पूर्णानन्द मेडिकल कॉलेज, डॉ रंजना देसाई, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, विभागाध्यक्षा डॉ रिजवाना शाहीन, डॉ बी.एस जोधा ने फार्मा द्वारा टेस्टिंग हेतु मशीन उपलब्ध करवाने व फोग्सी प्रेसिडेन्ट जयदीप टैंक व मथुरादास माथुर चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ नवीन किशोरिया का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

हरियालो कार्यकम का न्यौता दिया

धोरीमना, (निसं)। मेघवाल समाज मुक्तिधाम धोरीमना की ओर से एक पौधा पूर्वजों के नाम असली घर हरियालो कार्य म का सोमवार को सरकारी कार्यालय तहसील कार्यालय, पुलिस थाना कार्यालय, सीनियर विद्यालय , कार्यालय, पंचायत समिति कार्यालय, महात्मा गांधी विद्यालय, कार्यालय , सीबीईओ कार्यालय आदि में पोस्टर विमोचन व कार्यकम मे आने का निमंत्रण दिया गया। कार्यकम प्रबंधक तुलछाराम अहम्पा ने बताया कि 5 जुलाई को अंबेडकर भवन धोरीमना से हाथों में पौधे लिए हुए वह ढोल नगाडों सहित पैदल रेली मुख्य बाजार होते हुए रामदेव जी का मंदिर होते हुए मेघवाल समाज मुक्तिधाम में 400 पौधों का रोपण किया जाएगा।

डॉ. व्यास विद्या परिषद के सदस्य बने

जोधपुर, (कासं)। चिकित्सा शिक्षा (ग्रुप-1) विभाग के संयुक्त शासन सचिव जगजीत सिंह मोंगा ने आदेश जारी कर आचार्य एंव विभागाध्यक्ष फोरेंसिक मेडिसिन, राजकीय मेडिकल कॉलेज पाली डॉ पी.सी. व्यास को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर की विद्या परिषद में सदस्य मनोनित किया है। जो इस पर 2 वर्ष के लिए रहेंगे। डॉ. पीसी व्यास जोधपुर में फॉरेंसिग मेडिसिन विभाग के प्रमुख तथा महात्मा गांधी अस्पताल जोधपुर के अधीक्षक रह चुके है।

रानीवाडा में रात्रि चौपाल होगी

सांचौर, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर शक्ति सिंह राठौड की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत रानीवाडा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। रात्रि चौपाल में जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आमजन की मूलभूत आवश्यकताओं-यथा पेयजल, विद्युत एवं सडक से जुडी समस्याओं का त्वरित रूप से निस्तारण किया जाएगा। रात्रि चौपाल का आयोजन रानीवाडा पंचायत समिति परिसर में 2 जुलाई को शाम 6.30 बजे से किया जाएगा। प्रजापत आदि उपस्थित थे।

डॉ. पालीवाल ईमरजेंसी मेडिसिन प्रमुख

जोधपुर, (कासं)। चिकित्सा शिक्षा (ग्रुप-1) विभाग के संयुक्त शासन सचिव जगजीत सिंह मोंगा ने आदेश जारी कर डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज जोधपुर के निश्चेतना विभाग के सह आचार्य डॉ नवीन पालीवाल को उनकी मूल विशिष्टता से ईमरजेंसी मेडिसिन विभाग में सह आचार्य नियुक्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज में ईमरजेंसी मेडिसन विभाग पहली बार बनाया गया है। ईमरजेंसी मेडिसन विभाग के प्रमुख का पद डॉ नवीन पालीवाल अब संभालेंगे।

डॉक्टरों एवं सी. ए. का सम्मान हुआ, पौधारोपण किया

जालोर, (कासं)। रोटरी क्लब जालोर के तत्वावधान में डॉक्टर्स एवं सी. ए. दिवस पर बहुमान एवं पौधारोपण कार्यकम के आयोजन का आयोजन किया गया।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि रोटरी नववर्ष के प्रथम दिवस पर रोटरी इंटरनैशनल डिस्ट्रिक्ट 3055 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मोहन पाराशर के नेतृत्व में क्लब सदस्यों ने कानीवाडा मंदिर जाकर बालाजी महाराज के दर्शन लाभ प्राप्त कर एमसीएच सेंटर स्थित रोटरी पार्क में सत्र के प्रथम दिवस पर डॉक्टर्स-डे एवं सी ए दिवस के मौके पर डॉक्टर्स एवं सी ए को तिलक लगाकर उनका माल्यार्पण कर बहुमान किया।

जिला अस्पताल जालोर के भी सभी चिकित्सा अधिकारियों का सम्मान किया गया।

इस मौके पर उपस्थित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मोहन पाराशर ने कहा कि कोरोनाकाल और अन्य विषम परिस्थितियों में चिकित्सकों व नर्सिंगकर्मियों ने सदैव मानव सेवा अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।इसी वजह से हम सभी देशवासी सुरक्षित रहे है। यह दिन हमें चिकित्सकों के प्रति उन अहम योगदान के लिए अपना आभार व्यक्त करने का अवसर देता है। उन्होंने अपने उद्बोधन में ग्लोबल ग्रांट्स की सहायता से बडे प्रोजेक्ट्स की आवश्यकता को जताया। जिससे रोटरी का मानव सेवा का ध्येय पूर्ण हो सके।

इस मौके पर असिस्टेंट गवर्नर डॉ.पवन ओझा ने कहा कि रोटरी का ध्येय सदैव मानव मात्र की सेवा है। यह दिन उन डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को समर्पित है, जो अपनी जान की परवाह किये बिना नित्य मरीजों की सेवा करते है।

चिकित्साकर्मियों का सम्मान उनको अपने कार्य के प्रति ओर अधिक समर्पण भाव के साथ कार्य करने को प्रेरित करता है। तत्पश्चात् वात्सल्य केंद्र पर जरूरतमन्द बच्चों को भोजन कराया गया एवं बच्चों के साथ केंद्र के आस पास वृक्षारोपण किया गया।

इस मौके पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी पूनमचंद टाँक, सा. चि. जालोर उपनियंत्रक डॉ.राजेश शर्मा, डॉ.रमेश चौधरी, डॉ.विजय मीना, एमसीएच उपनियंत्रक नेनमल परमार, डॉ.मुकेश चौधरी, वेदप्रकाश मीना सहित काफी संख्या में चिकित्सक, चार्टेड अकाउंटेंट एवं नर्सिंग स्टाफ सहित डिस्ट्रिक्ट सेकेटरी कानाराम परमार, डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष नन्द किशोर जेथलिया, पूर्व अध्यक्ष तरुण सिद्धावत, रॉटरेक्ट क्लब जालोर युवा की चार्टर अध्यक्ष चेतना श्रीमाली, सचिव डॉ. नवीन ओझा, आरसीसी हेल्पिंग हैंड्स की अध्यक्ष विनीता ओझा, मंजु चौधरी, डॉ. लोकेश मेहरवाल, डॉ. प्रकाश बिश्नोई,गोपाल शर्मा, सी ए जिशान अली, सी ए नितिन सोलंकी , रमजान खान नीरा माथुर, उदाराम सुथार आदि मौजूद रहे।

'डाक्टर डे' पर कार्यक्रम आयोजित

जोधपुर, (कासं)। कमला नेहरू वक्ष एवं क्षय चिकिल्सालय एवं संक्रामक संस्थान परिसर में पर्यावरणीय प्रतिबद्धता के तहत संस्था अधीक्षक डा सी आर चौधरी के नेतृत्व में डीसीबी बैंक के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उप अधीक्षक डा अजय कुमार जैन, डीसीबी बैंक के सर्कल हैड शफी मौहम्मद, जोधपुर शाखा प्रबधंक अरविन्द कल्ला, डा संदीप गौड़, डा हेमन्त बोराणा, नर्सिंग अधीक्षक मनोहर लाल शर्मा एवं संस्था के समस्त चिकित्सक, रैजीडेन्ट चिकित्सक, नर्सिंग,पैरामैडिकल, सहयोगी कार्मिक इत्यादि उपस्थित थे।

कलैक्टर प्रताप ने फतेहगढ़ में कार्यों की समीक्षा की

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर प्रताप सिंह ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग द्वारा चयनित ब्लॉक फतेहगढ़ में आयोग द्वारा निर्धारित छह इन्डीकेटरों में आशातीत उपलब्धि अर्जित कर रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं का ए.एन.सी. रजिस्टेशन, हाई रिस्क प्रेगनेंसी, हाईपरटेंशन और डायबिटिज की जांच के संकेतक में लक्ष्यानुरुप उपलब्धि अर्जित करने के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर सिंह ने सोमवार को जिला कलैक्ट्री सभाकक्ष में आयोजित आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा बैठक व 04 जुलाई से प्रारंभ होने वाले संपूर्णता अभियान कार्यक्रम की आमुखीकरण कार्यशाला में ये निर्देश दिए।

उन्होंने गर्भवती महिलाओं को नियमित रुप से पूरक पोषण के वितरण की कार्यवाही कराने के उप निदेशक महिला एवं बाल विकास को निर्देश दिए। इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में निर्धारित इन्डीकेटर के तहत मुख्य जिला शिक्षाधिकारी को निर्देश दिये कि वे सभी माध्यमिक विद्यालयों में बिजली की उपलब्धता के साथ बच्चौं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण करवाना सुनिश्चित करावें। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारी को लक्ष्यानुरुप मृदा स्वास्थ्य कार्डो का वितरण करवाने तथा राजीविका के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को बजट वितरण करवाने के निर्देश दिये।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नीति आयोग द्वारा छह संकेत निर्धारित किए गये है उनमें शत-प्रतिशत प्रगति लायें एवं जिले की रेकिंग को सुधारे। उन्होंने 4 जुलाई से प्रारंभ हो रहे संपूर्णता अभियान की अभी से ही पूरी तैयारी कर उसको उत्सव के रुप में मनाने एवं इसको जन आंदोलन का कार्यक्रम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अभियान के दौरान किए जाने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार कर मुख्य कार्यकारी अधिकारी को शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी भागीरथ विश्नोई ने बताया कि नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिले के तहत ब्लॉक फतेहगढ़ को चयनित किया गया है। संबंधित अधिकारी गुणवत्तापूर्वक कार्य कर छह इन्डीकेटरों में आशातीत प्रगति लायें ताकि रैंकिंग बढ़े। उन्होंने संपूर्णता अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से कराने के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर मनीष विश्नोई ने संपूर्णता अभियान के प्रमुख बिंदुओं और दिशा निर्देशों के बारे में विस्तृत रूप से पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एल. बुनकर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी नैनाराम जानी, उपनिदेशक बाल विकास विभाग महेश कुमार गुप्ता, सहायक निदेशक सांख्यिकीरूपाराम नगानी, सहायक सांख्यिकी अधिकारी मोहित कुमार, ए. बी. फेलो सुभम शर्मा, परमसुख सैनी (यूनिसेफ), अरविंद विश्नोई, राजिविका मैनेजर सिम्मी, पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर समीर अहमद और कृष्णा भावसर, इत्यादि उपस्थित थे।

भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

बालोतरा, (निसं)। सवेरा संस्था द्वारा संचालित स्नेह मनोविकास विद्यालय में आयोजित भामाशाह सम्मान समारोह एवं प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि सिद्धार्थ दीप अपर सेशन न्यायधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोतरा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों में भी प्रतिभाएं होती है। उनमें भी हुनर होता हे, कुछ करने का जज्बा भी होता है, लेकिन साधन सुविधाओं के अभाव में संतोषप्रद परिणाम नहीं दे पाते।

उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और सेवाओं के विस्तार में भामाशाहों को आगे आना होगा, तभी दिव्यांगों के लिये बेहतर सुविधाओं और शिक्षण की व्यवस्था सम्भव होगी।

कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक घेवर चन्द प्रजापत ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ जन आधार द्वारा दिया जाता है। कार्यक्रम में बाठिंया ने आये हुए सभी मेहमानो का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में आये भामाशाहों को भामाशाह सम्मान पत्र प्रदान कर उन्हे सम्मानित किया गया। इस अवसर विद्यालय के बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तूत किया।

संगत पैदल मार्च कर रोष जताया

जोधपुर, (कासं)। आरजेएस भर्ती परीक्षा में कृपाण और कंघाधारी सिख समाज के परीक्षार्थी को परीक्षा में नहीं बैठने देने का मामला शांत होता नजर नहीं आ रहा है। इस मामले में समाज में रोष बढ़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर समाज के लोगों ने सोमवार को एडीएम को ज्ञापन भी सौंपा।

गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा के सचिव सरदार कुलदीप सिंह सलूजा ने बताया मुख्यमंत्री को दोषियों पर कार्यवाही के लिए ज्ञापन सौंपा गया है। राजस्थान के सभी जिलों की प्रबंधक कमेटियों की ओर से अपने-अपने जिले के जिला कलैक्टर से मिलकर मुख्यमंत्री को दोषियों पर कार्यवाही के लिए लिखा गया है। इसी क्रम में जोधपुर में भी सोमवार को ज्ञापन दिया गया। इससे पहले गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से साध संगत पैदल मार्च करते हुए जिला कलैक्टर कार्यालय पहुंचे। सेंट्रल गुरुद्वारा कमेटी के सचिव सरदार जितेन्द्र सिंह बत्रा ने बताया कि सिख समाज की ओर से एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर घटना की जांच और दोषियों पर कार्यवाही की मांग करेगा। पीड़ितों के लिए पुन: विशेष परीक्षा करने की मांग रखी जाएगी।

ढालिया के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि व दीपदान किया

बालोतरा, (निसं)। अमर शहीद जीनगर बीरबल सिंह ढालिया के शहादत दिवस पर जीनगर समाज बालोतरा द्वारा श्रद्धांजलि और दीपदान कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद बालोतरा के आगे किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुमित्रा जैन सभापति नगर परिषद बालोतरा पूर्व सभापति प्रभा सिंघवी, अध्यक्षता सुरेश चितारा अध्यक्ष जीनगर समाज विकास समिति, विशिष्ट अतिथि मदन चोपडा पूर्व प्रतिपक्ष नेता नगर परिषद, मेहबूब भाई सिंधी प्रतिपक्ष नेता, कांतिलाल हुंडिया नगर अध्यक्ष भाजपा, धर्मेंद्र दवे अध्यक्ष कृष्णा सेवा संस्थान, मांगीलाल सांखला पूर्व पार्षद रहे। मुख्य वक्ता जिला परिवहन अधिकारी भगवान गहलोत ने बताया कि 30 जून 1946 शहीदी दिवस अमर शहीद जीनगर बीरबल सिंह ढालिया जिनका जन्म 16 जून 1920 को रायसीहनगर जिला-गंगानगर में हुआ था एवं जिनका परिवार रुई की आडत का व्यवसाय करता था। उस परिवार के एक तंदुरुस्त हटे कट्टे नौजवान को 26 वर्ष की अल्पायु में देशप्रेम देशभक्ति का जोश और जुनून सवार हुआ। अपने पहलवानी और कसरत के मजबूत शरीर पर अपने शरीर में दौड रहे क्षत्रिय जीनगर समाज के ऊर्जावान रक्त को उन्होंने पूरे जोश और जुनून के साथ अपने आप को देश की आजादी में झोंक दिया। वह युवा 30 जून 1946 को देश की आन बान शान तिरंगा झंडे को लेकर अंग्रेजों के बनाए हुए किले पर भारत के तिरंगे को फहराने के लिए आगे बढ रहे थे। तब अंग्रेजी सेना के बंदूकधारियों ने जीनगर समाज के इस लाल के शरीर को गोलियों से छलनी छलनी कर दिया किंतु लगभग साढे 6 फीट हाइट के पहलवान देश भक्ति से परिपूर्ण ओजस्वी ांतिकारी युवा बीरबल सिंह ढालिया को वह गोलियां रोक नहीं पाई ,अंतिम सांस तक वह तिरंगा झंडा थामे हुए आगे बढते रहे।

सभापति सुमित्रा जैन ने कहा कि देश के शहीदों के स्मारक को लेकर नगर परिषद की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव करने को लेकर विधायक से बात चल रही है जो अतिशीघ्र होने की संभावना है।

मदन चोपडा ने कहा कि जीनगर समाज को अपने आपको गौरवान्वित होना चाहिए जो अमर शहीद बीरबल सिंह ढालिया जैसे माँ भारती के सच्चे सपूत ने समाज में जन्म लिया

अंत में जीनगर विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश चितारा ने समाज बंधुओ की उपस्थिति में जीनगर समाज टीम लाईब्रेरी का नाम समाज के शहीद अमर शहीद जीनगर बीरबल सिंह टीम लाईब्रेरी करने का प्रस्ताव समाज बंधुओं के समक्ष रखा जिसका सभी समाज बंधुओं ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया

मीडिया प्रभारी उत्तम व्यास ने बताया की कार्यक्रम का संचालन पृथ्वीराज चौहान ने किया। इस अवसर पर नव नियुक्त जीनगर समाज विकास समिति सचिव मुकेश सोनगरा ,कोषाध्यक्ष मांगीलाल चौहान, डॉ गौतम जीनगर, लाइब्रेरी सह संयोजक नरपत राठौड, बाबूलाल, नाडोला चौहान, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल चौहान, राजेन्द्र व्यास , मदनलाल खत्री, गौतम गोयल सहित बड़ी संख्या में समाज बन्धु उपस्थित रहे।

कई जगह पानी डलवाया

भीनमाल, (निसं)। मानव सेवा संस्थान जोधपुर द्वारा पिछले तीन माह में प्रचंड गर्मी के दौरान जोधपुर, पचपदरा, बाड़मेर, जैसलमेर सहित दूर-दराज के क्षेत्रों में संचालित गौ-शालाओं, विद्यालयों, सार्वजनिक प्याऊ, बाल गृह, वृद्धजन आश्रम, धर्मशाला एवं विभिन्न स्थलों पर कुल 2208 ट्रेक्टर-टैंकर की जलापूर्ति की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थान के अध्यक्ष रमेश छाजेड़ रामसर ने बताया कि माह अप्रेल से जून तक मारवा? में भीषण गर्मी के कारण गौ वंश एवं अन्यत्र स्थलों पेयजल की भारी समस्या को देखते हुए संस्थान द्वारा जोधपुर संभाग एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में संचालित गौ-शालाओं, सार्वजनिक स्थलों, बालगृहों, वृद्धाश्रमों, धर्मशालाओं एवं प्याऊ में टैंकर के माध्यम से कुल 2208 टैंकर की जलापूर्ति की गई है।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अति आवश्यक अभियान में संस्थान के साथ जुड़े हुए तमाम दानदाताओं ने अपना निरंतर सहयोग किया। जिसके लिए मानव सेवा संस्थान उन सभी दानदाताओं का ह्रदय पूर्वक आभार प्रकट करता है।

जल सेवा मिशन के साथ-साथ संस्थान ने गौ-वंश व पशु-पक्षियों के लिए भी हरा चारे, गुड़, बिस्किट, दाना इत्यादि की भी व्यवस्था की गई।

इसके अतिरिक्त वृद्धाश्रम में जरूरत की सामग्री का सहयोग किया गया। यह समस्त सेवाए संस्थान की और से निरन्तर शुरू रहेगी।

यह विदित है कि मानव सेवा संस्थान पिछले 15 वर्षों से जीवदया एवं मानवीय सेवा में अग्रणी संस्थान के रूप में अपना कार्य कर रहा है।

संस्थान के द्वारा जरूरतमंद एवं निर्धन परिवारों को प्रतिमाह खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाना, विद्यार्थियो को पाठ्य सामग्री, बीमारों का इलाज करवाना, गौ-वंश एवं जीव-जन्तुओं के भोजन की व्यवस्था इत्यादि आवश्यक सहयोग किया जा रहा है।

रमेश छाजेड रामसर ने जल सेवा मिशन के समापन की घोषणा करते हुए बताया कि जहां पर पेयजल की समस्या है, वहां पर जलापूर्ति जारी रहेगी।

निजी विद्यालय राष्ट्र के विकास में सहायक : दिलावर

जालोर,(का.सं.)। राजस्थान में प्राईवेट स्कूलों के संगठन स्कूल शिक्षा परिवार का जिला स्तरीय सम्मेलन व कार्यशाला जालोर शहर के निजी रिसोर्ट में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और स्कूल शिक्षा परिवार के प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुई।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि आज राष्ट्र के विकास में निजी विद्यालय जो कार्य कर रहे हैं, वह अनुपम है। कम फीस में अधिक सुविधाएं देकर जो बालकों का विकास किया जा रहा है । उसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं। जो शिक्षा के अन्दर प्रतिशत बढ रहा, वह बिना निजी स्कूल के सम्भव नहीं है, मान्यता संबंधी समस्याओं, आरटीई का पैसा समय पर मिले, इसके लिए राज्य सरकार व विभाग प्रतिबद्ध है। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने भी कहा कि जालोर जिले में निजी स्कूल की समस्याओं के निस्तारण के लिए हाजिर हूं। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने भी विचार रखे, प्रदेशाध्यक्ष अनिल शर्मा ने मंत्री के सामने निजी विद्यालयों की समस्याओं को रखा।

सयुंक्त निदेशक जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक भैराराम चौधरी, प्रारम्भिक जिला शिक्षा अधिकारी श्रीराम गोदारा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मोहन लाल परिहार ने विचार रखे। कार्यक्रम में पाली संभाग प्रभारी ललित शर्मा, जिलाध्यक्ष विक्रमसिंह राठौड़ के रखे गये अवैध कोचिंग संस्थानों पर नकेल के प्रस्ताव को संचालको ने स्वीकारा। कार्यक्रम का संचालन एम.एल.गुर्जर ने किया। जिला संरक्षक नेमीचन्द रावल, जिला प्रभारी जीवाराम चौधरी, सांचौर जिलाध्यक्ष प्रभुराम भुरिया, जिला प्रभारी नरपतसिंह राठौड़, जयन्तीलाल प्रजापत आहोर, मांगीलाल देवासी भीनमाल, मगनलाल जसवंतपुरा, मोहनलाल प्रजापत सायला, हरीश पटेल, दिगम्बर सिंह जोधा, रमेश चंद्र गहलोत, विनोद चौधरी, ललित आदि मौजूद थे।

सार-समाचार

नाहर सिंह जसोल को श्रद्धांजलि दी

बालोतरा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य व व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक गणपत बांठिया ने जोधपुर के पावटा स्थित जसोल हाउस पहुँचकर कर मानवतावादी लेखक, आधुनिक दुर्गादास, स्थितप्रज्ञ, निर्लिप्त, योगीराज, मारवाड़ की शान,बालोतरा पंचायत समिति के पूर्व प्रधान ठा नाहर सिंह जसोल के निधन के बाद उनके निवास स्थान पर श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य व व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक गणपत बांठिया ने मारवाड की विरासत के पुरोधा के रूप में पहचान रखने वाले मेहरानगढ म्यूजियम व सिटी पैलेस उदयपुर के पूर्व डायरेक्टर ठाकुर नाहर सिंह जसोल के जोधपुर आवास पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रदांजलि अर्पित कर उनके परिवारजनों से मिले। बाठिया ने बताया कि ठा. नाहर सिंह हिंदी, राजस्थानी के कुशल लेखक थे। उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखीं। मेहरानगढ के निदेशक रहने के दौरान उन्होंने राजस्थानी और राजस्थानी कलाकारों को आगे बढाने के लिए अथक प्रयास किए।जसोल राजपूत और चारण संबंधों के विशेषज्ञ थे।मानवता की मिसाल कायम करने वाली विरल शख्सियत नाहर सिंह का सदैव के लिए इस दुनिया को अलविदा कहना हम सबके लिए अपूरणीय क्षति है।मारवाड में प्राणी मात्र ही नही जीव दया और अपनत्व की प्रति मूर्ति जिनकी कलम की धार को डॉ सुभद्रा कुमारी चौहान ने हौसले की उडान जैसे शब्दों में व्याख्या से सुशोभित किया। अपने काव्य संग्रह में बेबाकी से मां सरस्वती के पुत्र जिनकी लेखनी इतिहास हो या भूगोल, दर्शन शास्त्र हो राजपुत समाज की वंशावली, देश दुनिया और धर्म संस्कृति सभ्यता के साथ इतिहास को अपने शब्दों में जीवित रखा।

वुश में जालोर ने जीते 7 मैडल

जालोर, (कासं)। जालोर के भीनमाल नगर में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में जालोर के खिलाडियों ने 2 गोल्ड सहित कुल 7 मैडल जीतकर जिले का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भीनमाल के क्षेमन्करी माता मंदिर परिसर में राजस्थान वुशू संघ व जालोर वुशू संघ के तत्वावधान में 27 से 30 जून तक राज्य स्तरीय जूनियर व यूथ वुशू प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिला वुशू संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि वुशू संघ के जिलाध्यक्ष शिवदत्त आर्य के नेतृत्व में जिले के खिलाडियों ने पहली बार राज्य स्तर पर जूनियर वुशू प्रतियोगिता में 7 पदक अर्जित किये हैं। परिणाम की जानकारी देते हुए मिश्रा ने बताया कि यूथ वर्ग में सुनीता चौधरी व जूनियर वर्ग में दिव्या गोदारा ने स्वर्ण पदक जीता।वहीं जूनियर तालु इवेंट में वन्दना च